Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 26-07-2005
Participants : Khanduri AVSM,Maj.G Bhuwan Chandra

>

Title: Need to provide Canteen Stores Departments facilities to retired para- military forces in Garhwal Parliamentary Constituency, Uttaranchal.

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चन्द्र खंडूडी (गढ़वाल) : अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र उत्तरांचल में आसाम राइफल्स व पैरा मिलिट्री फोर्स के सेवा निवृत्त सैनिकों को कैंटीन सुविधा दिलाने की ओर आकर्िति करना चाहता हूं। मैंने इस संबंध में पूर्व में भी लोक सभा के माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान आकर्िति किया था और मुझे बताया गया था कि ये मामला विचाराधीन है। मेरा निर्वाचन क्षेत्र सैनिक बाहुल्य क्षेत्र है और यहां हर फोर्स के सेवा निवृत्त कर्मचारी रहते हैं, लेकिन उनको कैंटीन सुविधा उपलब्ध नहीं है जबकि रक्षा बलों के कार्मिकों को ये सुविधायें उपलब्ध हैं।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि कैंटीन स्टोर्स डिपार्टमेंट (सी.एसृडी.) की सुविधायें असम राइफल्स, अर्द्ध सैनिक बलों के कार्मिकों को भी दी जायें।